देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 15.05.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- ईंधन की खपत कम करने के उद्देश्य से राज्य के मैदानी क्षेत्रों में जल्द 10 से 15 किलोमीटर लंबे साइकिल ट्रैक विकसित किए जाएंगे।
- उत्तराखंड उच्च न्यायालय परिसर में आज 'नो व्हीकल डे' मनाया जाएगा।
- ग्राम्य विकास मंत्री भरत सिंह चौधरी ने टिहरी में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए महिला प्रशिक्षण, कृषि उत्पादों के वैल्यू एडिशन और पशुपालन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।
- और... प्रदेश में 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत सख्त कार्रवाई जारी, 14 सौ से अधिक अपराधी गिरफ्तार।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में कच्चे तेल, एल.पी.जी. और प्राकृतिक गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर अंतर–मंत्रालयी प्रेसवार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू एल.पी.जी. आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है।

<u>नौ व्हीकल डे</u>

राज्य सरकार में प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु ने कहा है कि ईंधन की खपत कम करने के उद्देश्य से मैदानी क्षेत्रों में जल्द से जल्द 10 से 15 किलोमीटर लंबे साइकिल ट्रैक विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लोग सुरक्षित रूप से साइकिल का उपयोग कर आवागमन कर सकें।

उन्होंने बताया कि सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' मनाने के लिए अधिकारियों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही लोगों से आवागमन के लिए सार्वजनिक परिवहन और कार पूलिंग अपनाने का अनुरोध किया गया है।

सरकार की पहल पर आज उत्तराखंड उच्च न्यायालय परिसर में 'नो व्हीकल डे' मनाया जाएगा।

रजिस्ट्रार जनरल की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में देश ईंधन संकट के दौर से गुजर रहा है, ऐसे में सभी नागरिकों के संयुक्त प्रयास आवश्यक हैं। मुख्य न्यायाधीश ने न्यायालय से जुड़े सभी पक्षों से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की है।

अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित लोगों से कार्यालय आने–जाने के लिए पैदल या साइकिल का उपयोग करने का अनुरोध किया गया है।

<u>कुंभमेला तैयारियां</u>

हरिद्वार में आगामी कुम्भ मेला को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से मेला प्रशासन तैयारियों में जुटा है। इसी क्रम में मेलाधिकारी सोनिका ने कल विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे सड़क और पुल निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के साथ ही सड़क निर्माण कार्यों की मौके पर गुणवत्ता और तकनीकी मानकों की भी जांच कराई।

ग्राम्य विकास मंत्री

ग्राम्य विकास मंत्री भरत सिंह चौधरी ने टिहरी जिले में संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की सराहना करते हुए विभिन्न उत्पादन इकाइयों में प्रशिक्षित महिलाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं।

श्री चौधरी ने कीवी की खेती को बड़े स्तर पर बढ़ावा देने पर जोर देते हुए मालू के पत्तों के उपयोग को प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने सुझाव दिया कि यात्रा मार्गों पर ताजे पत्तों की प्लेटों में भोजन परोसने की व्यवस्था विकसित की जाए। इसके अलावा प्लम के तेल के अधिक प्लांट स्थापित करने तथा इसके निर्यात की संभावनाओं को बढ़ाने पर भी बल दिया।

उन्होंने कहा कि लिंगड़ा क्षेत्र में पूरी तरह जैविक रूप में उपलब्ध है, जिसकी वैश्विक स्तर पर मांग है। साथ ही बुरांश के रस को बिना चीनी और पानी मिलाए तैयार कर उसकी बेहतर पैकेजिंग और वैल्यू एडिशन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

पत्रकारों से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं में अधिकांश में शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है।

'ऑपरेशन प्रहार'

पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने कहा है कि पुलिस राज्य के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा के लिए सतर्क, सक्रिय और प्रतिबद्ध है। 'ऑपरेशन प्रहार' की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि अपराधियों की धरपकड़, सघन चेकिंग, व्यापक सत्यापन अभियान और संगठित अपराध पर कठोर कार्रवाई आगे भी अधिक तीव्रता, प्रभावशीलता और दृढ़ता के साथ निरंतर जारी रहेगी।

पुलिस ने बताया कि कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए अब तक 4 हजार से अधिक असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। अभियान के तहत 18 हजार से अधिक बार, पब, क्लब, स्पा, होटल और ढाबों की जांच की गई, जिनमें नियमों के उल्लंघन पर 1 हजार 200 से अधिक व्यक्तियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई है।

चारधाम यात्रा में साइबर ठगी रोकने के लिए 200 से अधिक फर्जी सोशल मीडिया लिंक ब्लॉक किए गए हैं और 50 से अधिक संदिग्ध मोबाइल नंबर बंद कराए गए हैं। इसके साथ ही 147 लिंक ऑपरेटरों और 27 फर्जी मोबाइल फोन धारकों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

गोल्ज्यू महोत्सव

चम्पावत जिले के गोरलचौड़ मैदान में आयोजित दस दिवसीय गोल्ज्यू महोत्सव–2026 में विभिन्न शैक्षिक प्रतियोगिताओं के साथ ही व्यापारिक मेले की धूम मची हुई है। सात मई से 16 मई तक आयोजित इस महोत्सव में प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों से 200 से अधिक व्यापारी अपने उत्पादों के साथ पहुंचे हैं। दूर–दराज से आए लोग मेले में अपनी आवश्यकता की वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं, जबकि झूले और चरखे बच्चों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

महोत्सव में कल से सांस्कृतिक संध्या के तहत तीन दिवसीय स्टार नाइट्स कार्यक्रम का आयोजन भी शुरू हो गया है। जिसमें प्रदेश के प्रख्यात कलाकार संगीत, लोकसंस्कृति और रंगारंग प्रस्तुतियां दे रहे हैं।

कार्यक्रम संयोजक और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी भरत त्रिपाठी ने बताया कि महोत्सव के पहले चरण में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इसके बाद सात मई से शैक्षिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से महोत्सव में पहुंचने की अपील की है।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

उत्तराखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर से संबंधित खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इस खबर पर अमर उजाला की सुर्खी है– प्रदेश में एसआईआर आठ जून से होगा शुरू।

प्रदेश में नियुक्ति पत्र कार्यक्रम पर दैनिक जागरण लिखता है– सीएम ने 243 डॉक्टरों समेत 307 को दिए नियुक्ति पत्र।

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता पर अमर उजाला की सुर्खी है– यूसीसी के तहत प्रदेश में हलाला का पहला मामला दर्ज।